# MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR

## राजभाषा प्रकोष्ठ

## विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु सामान्य निर्देश

| क्रम संख्या | कार्यक्रम/गतिविधि | निर्देश |
|---|---|---|
| 1. | **चित्र अवबोधन एवं भाषा प्रतियोगिता** | 1. उक्त प्रतियोगिता में चित्र अवबोधन कर कहानी लिखनी होगी।<br>2. कहानी की संरचना **न्यूनतम 300 से 400 शब्दों** के मध्य हो।<br>3. कहानी लिखने का **अधिकतम समय 30 मिनट** का होगा।<br>4. चित्र अवबोधन के साथ कहानी का सारांश अंत में एक वाक्य में लिखना होगा। |
| 2. | **लिखित हिन्दी प्रश्नोत्तरी (सामान्य एवं प्रशासनिक) प्रतियोगिता** | 1. उक्त प्रतियोगिता में 45 मिनट में प्रश्न पत्र हल करना होगा। |
| 3. | **तकनीकी विषय पर हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता** | 1. निबंध स्वयं की मौलिक रचना होनी चाहिए।<br>2. कार्यक्रम स्थल पर "**समानता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए टिकाऊ ऊर्जा**" विषय पर 800 से 1000 शब्दों की शब्द-सीमा में निबंध लिखना होगा।<br>3. हस्तलिखित निबंध को जमा करने की **अधिकतम समय सीमा 45** मिनट होगी।<br>4. प्रतिभागियों को अपने साथ कोई कागज या सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। निबंध लेखन हेतु कॉपी आपको उपलब्ध कराई जायेगी।<br>5. लेख में विषय के उपशीर्षक, शब्द संकेत, संदर्भ सूची, आदि का उपयोग करना होगा। लेखक परिचय अंत में लिखना होगा।<br>6. तकनीकी प्रलेख 2 से 4 पेज/800 से 1000 शब्दों का होना चाहिए (संदर्भ सूची के अतिरिक्त)।<br>7. प्रलेख सरल हो तथा प्रलेख की स्वीकृति के संदर्भ में मूल्यांकन समिति द्वारा लिया निर्णय ही अंतिम माना जायेगा। |
| 4. | **काव्यपाठ प्रतियोगिता** | 1. कविता की विषय एवं शब्दावली संस्थान की गरिमा अनुसार होनी चाहिए।<br>2. कविता **स्वरचित/मौलिक** होनी चाहिए।<br>3. रचना हिन्दी में प्रस्तुत करनी होगी।<br>4. निर्णायक मण्डल द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा।<br>5. **अधिकतम समय सीमा: 05 मिनट।** |
| 5. | **हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता** | 1. गरिमामयी भाषा में अपना भाषण प्रस्तुत करना होगा।<br>2**. विषय तत्काल उसी समय दिया जायेगा जिस पर प्रतिभागियों को बोलना होगा।**<br>3. प्रतिभागी को केवल हिन्दी में बोलने की अनुमति है।<br>4. अधिकतम सीमा: 04 मिनट। |
| 6. | **हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता** | 1. प्रतिभागियों को समय पर प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचना होगा।<br>2. प्रतिभागी को केवल हिन्दी में बोलने की अनुमति है।<br>3. विषय को प्रस्तुत करने की **अधिकतम समय सीमा 5 मिनट** है।<br>4. प्रतिभागियों को अपने साथ कोई कागज या सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी।<br>5. अभद्र भाषा का प्रयोग अयोग्यता का कारण बनेगा।<br>6. प्रतिभागियों को किसी भी व्यक्ति/विश्वास/धर्म को आहत करने से सख्ती से बचना चाहिए।<br>7. टाइमर मेजबान द्वारा सेट किया जाएगा और निर्णायक का निर्णय अंतिम होगा।<br>8. प्रतिभागियों के बीच कोई हस्तक्षेप राउंड नहीं होगा लेकिन निर्णायक, प्रतिभागियों से स्वेच्छा से सवाल कर सकते हैं।<br>9. बराबरी की स्थिति में विजेता का फैसला जजों के पैनल द्वारा आपसी चर्चा से किया जाएगा। |